F.Y.
March 2018

Reg. No. ...................................

Name ........................................

103

## Part - II

## HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours
Cool off time : 15 Minutes

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'Cool off time' of 15 minutes in addition to the writing time.
- Use the 'Cool off time' to get familiar with questions and to plan your answers.
- Read the instructions carefully.
- Read the questions carefully before answering.
- Calculations, figures and graphs should be shown in the answer sheet itself.
- Give equations wherever necessary.
- Electronic devices except nonprogrammable calculators are not allowed in the Examination Hall.

सूचना : **निम्नलिखित कवितांश पढ़िये और 1 से 3 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।**

'रात यों कहने लगा मुझसे गगन का चाँद,
आदमी भी क्या अनोखा जीव होता है!
उलझनें अपनी बनाकर आप ही फँसता,
और फिर बेचैन हो जगता न सोता है ।
जानता है तू कि मैं कितना पुराना हूँ?
मैं चुका हूँ देख मनु को जनमते-मरते?
और लाखों बार तुझ-से पागलों को भी
चाँदनी में बैठ स्वप्नों पर सही करते ।'

प्रश्न :

1. इस कवितांश के रचयिता कौन है?
(जयशंकर प्रसाद, रामधारीसिंह 'दिनकर', पवन करण) (1)

2. 'उलझनें अपनी बनाकर आप ही फँसता' -- कौन? (1)

3. प्रगतिवाद की विशेषताओं के आधार पर कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखिए । (6)

4. सही मिलान कीजिए । (8 × 1 = 8)

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | Add account | i) | बातचीत |
| b) | Public | ii) | संचिका |
| c) | Share | iii) | अनचाहा |
| d) | File | iv) | साझा करें |
| e) | Save | v) | सामाजिक |
| f) | Spam | vi) | सार्वजनिक |
| g) | Chats | vii) | सहेजें |
| h) | Social | viii) | खाता जोड़ें |

**सूचना : निम्नलिखित 5 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन का एक या दो वाक्यों में उत्तर लिखिए ।** **(3 × 2 = 6)**

5. 'पत्थर की बैंच
जिसपर अंकित हैं आँसू, थकान
विश्राम और प्रेम की स्मृतियाँ'
पत्थर की बैंच पर क्या अंकित है?

6. 'मैं आपको इतमीनान दिलाता हूँ कि किसी किस्म का दंगा-फसाद न होगा । हम दुकाने लुटने या मोटरें तोड़ने नहीं निकले हैं .....'
यहाँ इब्राहिम अली के चरित्र की कौनसी विशेषता प्रकट होती है?

7. 'अंधकार का जलधि लाँघकर
आवेंगी शशि-किरनें'
शशि-किरनें कैसे आएँगी?

8. 'उसके दोनों गुर्दों में खराबी थी, डाक्टर ने रिक्शा चलाने से मना कर रखा था ।'
डाक्टर द्वारा मना करने पर भी असलम क्यों रिक्शा चलाता रहा?

**सूचना : 9 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं चार का उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए ।**
**(4 × 4 = 16)**

**9.** निम्नलिखित दोहा पढ़िए ।

'दुख में सुमिरन सब करै, सुख में करै न कोय ।
जो सुख में सुमिरन करै, तो दुख काहे होय ।।'

सुख और दुख दोनों में ईश्वर का स्मरण करना है ।

दोहे का आशय स्पष्ट कीजिए ।

**10.** 'जुलूस' नाट्यरूपांतर के बीरबल सिंह के ये कथन पढ़िए ।

- मुझे यह हुक्म है कि जुलूस यहाँ से आगे न जाने पाए ।
- यहाँ खड़े होने का भी हुक्म नहीं है । आप लोगों को वापस जाना पड़ेगा ।
- फिर से सोच लें! बहुत नुकसान उठाना पड़ेगा ।

इन कथनों के आधार पर बीरबल सिंह के चरित्र पर टिप्पणी लिखिए ।

**11.** जीवनवृत्त पढ़िए ।

| जीवन–वृत्त | | |
|---|---|---|
| नाम | : | यशपाल |
| जन्म | : | 3 दिसंबर, 1903 |
| जन्मस्थान | : | फिरोज़पूर छावनी, पंजाब |
| प्रमुख रचनाएँ | : | झूठा सच, दिव्या, सिंहावलोकन |
| पुरस्कार | : | पद्मभूषण, साहित्य अकादमी पुरस्कार |
| विशेषताएँ | : | क्रांतिकारी रचनाकार, हिंदी के प्रमुख कथाकारों में से एक |
| मृत्यु | : | 26 दिसंबर, 1976 |

इस जीवनवृत्त के आधार पर यशपाल के बारे में एक अनुच्छेद लिखिए ।

12. 'कहना नहीं आता' इस कविता की पंक्तियाँ पढ़िए ।

'जिनके पास कहने को है
जो कहना चाहते हैं,
जिन्हें कहना नहीं आता
मैं उनमें से एक हूँ ।'

कवि, समाज के शोषित-पीड़ित लोगों के लिए आवाज़ उठाते हैं ।

कवितांश का विश्लेषण कीजिए और अपना मत प्रकट कीजिए ।

13. 'आनंद की फुलझड़ियाँ' इस निबंध का अंश पढ़िए ।

'मुझे भी बड़ी प्रसन्नता हुई कि मैं उन थोड़े-से शब्दों द्वारा उस क्लर्क के जीवन में किंचितमात्र भी क्यों न हो, सुख तो पहुँचा सका ।'

बैंक की घटना के आधार पर टिप्पणी लिखिए ।

- लेखक का हिसाब खोलने के लिए बैंक जाना ।
- क्लर्क की हस्तलिपि की तारीफ करना ।
- क्लर्क का खुश हो जाना ।

**सूचना : 14 से 17 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर लिखिए । (3 × 6 = 18)**

14. असलम की मृत्यु की खबर सुनकर यात्री बहुत दुखी हुए । घर पहुँचकर यात्री अपनी पत्नी से इसके बारे में बातें करता है । वह बातचीत तैयार कीजिए ।

- रोज की तरह दफ्तर की यात्रा
- असलम की मृत्यु की खबर सुनना
- अपने व्यवहार से उत्पन्न पश्चात्ताप

15. निम्नलिखित अंग्रेजी संवाद का हिंदी में अनुवाद कीजिए ।

Vishal : Do you have the habit of reading?

Roopak : Yes. I do have.

Vishal : Where from you get books for reading?

Roopak : I get books from my school library.

Vishal : What types of books you read?

Roopak : Mostly I read short stories.

16. 'अपराध' इस कहानी के बड़े भाई को पिताजी से सज़ा मिली थी । उसने कोई अपराध नहीं किया था । फिर भी पिताजी ने उसे सज़ा दी । उस दिन की डायरी में बड़े भाई ने क्या-क्या लिखा होगा? 60–80 शब्दों में वह डायरी तैयार कीजिए ।

- छोटे भाई द्वारा सच्चाई छुपाना
- बार बार कहने पर भी पिताजी का न मानना
- मानसिक संघर्ष

17. गाँधी जयंती के अवसर पर सरकारी उच्च माध्यमिक स्कूल, पालक्कड के छात्र आसपास के जलस्रोतों की सफाई कर रहे हैं । इसका उद्घाटन सुबह 10 बजे स्कूल के प्रांगण में जिलाधीश करेंगे । इसके लिए एक पोस्टर तैयार कीजिए ।

(जलस्रोत – water resources, प्रांगण – court yard)

**सूचना : निम्नलिखित खण्ड पढ़िए और 18 और 19 प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।**

'एक बूढ़ा आदमी, जिसके बाल सफेद हो गए थे, जमीन खोद रहा था । एक नौजवान ने, जो वहाँ से गुज़र रहा था, उस बुजुर्ग को परिश्रम करते देख पूछा, ''बाबा, यह क्या कर रहे हो?''

''आम की गुठलियाँ बो रहा हूँ ।'' बूढे ने कहा ।

''इस उम्र में? इसके फल कब खाओगे बाबा?''

''मैं फल नहीं खा सकता तो क्या हुआ बेटा, तुम तो खा सकोगे? मेरे तुम्हारे नाती-पोते तो खाएँगे ना? देखो, वह अमराई मेरे दादा ने लगाई थी, तो उसके फल मैंने खाए। इसके फल मेरे नाती-पोते खाएँगे ।''

हमारे पूर्वजों की इसी मनोवृत्ति का फल है, जो हम जगह-जगह अमराई देखते हैं । अपने स्वार्थी जीवन से ऊँचे उठकर दूसरों को सुख और आनंद पहुँचाने का यह कैसा सुंदर स्वभाव है ।

**18.** नौजवान के सवाल का बूढ़े ने क्या जवाब दिया? **(2)**

**19.** खंड का संक्षेपण कीजिए और शीर्षक दीजिए । **(6)**

**सूचना : 20 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो का उत्तर लिखिए ।** **(2 × 8 = 16)**

**20.** ये सुर्खियाँ पढ़िए ।

| संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए टीकाकरण अनिवार्य है । |
|---|

| टीकाकरण ही रुबल्ला का इलाज है । |
|---|

| रुबल्ला टीकाकरण का कोई दुष्प्रभाव नहीं ।<br>- स्वास्थ्य मंत्री |
|---|

केरल के स्कूलों में रुबल्ला टीकाकरण का कार्यक्रम चल रहा है । अभी तक 80% के आसपास छात्रों का टीकाकरण हुआ है । टीकाकरण को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या कारवाईयाँ की गई है, यह जानने के लिए अभिजित कुमार, सरकारी उच्च माध्यमिक स्कूल तृशूर की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्रालय, केरल सरकार के नाम पर एक सूचना अधिकार पत्र लिखा जा रहा है । वह पत्र तैयार कीजिए ।

(टीकाकरण - vaccination, दुष्प्रभाव - side effect)

21. सूचकों की सहायता से किसी मनपसंद फिल्म की समीक्षा कीजिए ।

- फिल्म का कथासार
- पात्रों का अभिनय
- पटकथा, संवाद, छायांकन, संपादन
- निदेशक की भूमिका
- फिल्म के प्रति अपना दृष्टिकोन

22. 'विश्व मधुमेह दिन' (World Diabetes Day) पर स्कूल के हेल्थ क्लब द्वारा 'व्यायाम का महत्व' इस विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है । संगोष्ठी में प्रस्तुत करने के लिए एक आलेख तैयार कीजिए ।

- आधुनिक जीवन शैली
- व्यायाम का अभाव
- बीमारी से पीड़ित नई पीढ़ी
- व्यायाम स्वास्थ्य के लिए उत्तम